आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांक: 28.11.2024
समय : 09:00 ए.एम.

- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया की अश्लील सामग्री पर अंकुश के लिए मौजूदा क़ानूनों को और अधिक सख्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

- 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में ग्लोबल बिज़नेस एक्सपो का भी आयोजन होगा– देशभर से 100 से अधिक कंपनियां और व्यापारिक समूह भाग लेंगे।
- राज्य सरकार ने लेह–लद्दाख सिन्धु दर्शन यात्रा करने वाले सिन्धी समाज के तीर्थयात्रियों को 15 हजार रूपए प्रति व्यक्ति आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

- अलवर का प्रसिद्ध मत्स्य उत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया की अश्लील सामग्री पर अंकुश के लिए मौजूदा क़ानूनों को और अधिक सख्त बनाए जाने की ज़रूरत है। श्री वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता का बहुत बड़ा माध्यम है, लेकिन संपादकीय नियंत्रण न होने के कारण इस पर अश्लील सामग्री का प्रसारण भी होता है। ओटीटी सामग्री के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि ये प्लेटफॉर्म जिन देशों से आए हैं, उनकी और भारत की संस्कृति में बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति को इस मामले को देखना चाहिए। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी नियमावली में ओटीटी मंचों के लिए आचार–संहिता बनाई है। इसमें ऐसी किसी भी सामग्री के प्रसारण की अनुमति नहीं है जो कानूनन प्रतिबंधित हो। ओटीटी के लिए यह प्रावधान भी है कि वे ऐसी सामग्री के प्रसारण में पर्याप्तक ध्यान रखेंगे जो बच्चों के देखने के लिए उपयुक्त न हो। श्री वैष्णव ने बताया कि इस वर्ष मार्च में, मंत्रालय ने अश्लील और अभद्र सामग्री प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को बंद करवा दिया है।

केंद्र सरकार डाई–अमोनियम फॉस्फेट–डीएपी उर्वरक की उपलब्धता बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार राज्यों, रेलवे और उर्वरक कंपनियों के साथ तालमेल बनाए हुए है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, इस साल अक्टूबर–नवंबर में 17 लाख टन से अधिक आयातित डीएपी राज्यों को उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा, घरेलू उत्पादन के ज़रिए लगभग साढ़े छह लाख टन उर्वरक राज्यों को उपलब्ध कराए गए हैं। इस बीच खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि पिछले तीन महीनों में तुअर–अरहर और उड़द दाल की खुदरा कीमतों में कमी आई है या इनकी कीमतें स्थिर बनी हुई है। मंत्रालय ने बताया कि मूंग और उड़द जैसी अल्प अवधि की फसलों की कटाई पूरी हो गई है जबकि तुअर की कटाई अभी शुरू हुई है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ताओं तक इनकी आपूर्ति बनाए रखने में मौसम अनुकूल रहा है जिससे दालें सस्ती रहने की उम्मीद है।

अगले महीने होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में राजस्थान ग्लोबल बिज़नेस एक्सपो का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर से 100 से अधिक कंपनियां और व्यापारिक समूह भाग लेंगे। इस एक्सपो में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में राज्य की क्षमता प्रदर्शित की जाएगी और देश के औद्योगिक परिदृश्य में राजस्थान की अहम भूमिका को दिखाया जाएगा। इसके तहत राज्य की अर्थव्यवस्था, समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक धरोहरों, प्रमुख और उभरते हुए व्यवसायिक क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस एक्सपो में कई पैवेलियन भी लगाए जाएंगे, जिनमें स्टार्टअप्स और महिला उद्यमियों के लिए लगाए जाने वाले पैवेलियन के साथ राजस्थान का स्टेट–ऑफ–दी–आर्ट पैवेलियन प्रमुख होगा।

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में कल सम्पन्न हुए 43 वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान पवेलियन जन आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा। राजस्थान पवेलियन के निदेशक दिनेश सेठी ने बताया कि और लाखों लोगों ने पवेलियन का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान हस्तशिल्प के प्रति आकर्षण के चलते पवेलियन में करीब 30 लाख रु. का कारोबार हुआ। इसमें सबसे अधिक बिक्री जयपुरी रजाईयों, राजस्थानी हेंडीक्राफ्ट और परिधानों के साथ–साथ खानपान की सामग्री की हुई। पवेलियन में "राइजिंग राजस्थान समिट– 2024" से संबंधित निवेशकों और आगंतुकों को जानकारी के लिए बनाए गए बिजनेस और पर्यटन सेंटरों पर देश–विदेश से आये प्रतिनिधि मंडलों ने जानकारी ली।

राज्य सरकार ने सिन्धी समाज के लेह–लद्दाख सिन्धु दर्शन यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों को 15 हजार रूपए प्रति व्यक्ति आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के आग्रह पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सिन्धी समाज को ये सहायता दी है। सिन्धु दर्शन यात्रा में चार दिन तक लेह–लद्दाख में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते हैं। यह यात्रा हर साल 18 जून से शुरू होकर 30 जून को समाप्त होती है।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कल कोटा के सांगोद में एक करोड़ 90 लाख रुपए से अधिक की लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान नये अधिशासी अभियंता कार्यालय का उद्‌घाटन भी किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने हर घर जल और हर खेत में पानी के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प को पूरा करने की दिशा में सांगोद की पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए कई कार्य किये जा रहे है। साथ ही, अमृत 2.0 के अंतर्गत 5 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत से सांगोद नगर में पेयजल लाइन बिछाई जाएगी और उच्च जलाशय का निर्माण किया जाएगा।

अलवर का प्रसिद्ध मत्स्य उत्सव कल रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हो गया। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस तीन दिवसीय उत्सव के दौरान प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।

मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य दिवंगत महेंद्रसिंह मेवाड़ के पुत्र विश्वराजसिंह के परम्परागत राजतिलक के बाद सिटी पैलेस के अंदर स्थित धूणी दर्शन को लेकर उत्पन्न विवाद खत्म हो गया है। प्रशासन के साथ करीब डेढ़ घंटे चली लंबी वार्ता में सहमति बनने के बाद विश्वराजसिंह ने उदयपुर सिटी पैलेस पहुंचकर धूणी के दर्शन किये। इससे पहले उन्होंने एकलिंगनाथ महादेव के दर्शन किए। गौरतलब है कि मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य महेंद्रसिंह मेवाड़ का निधन होने के बाद उनके बेटे विश्वराजसिंह का 25 नवम्बर को चित्तौड़गढ़ स्थित फतह प्रकाश महल परिसर में परम्परागत राजतिलक हुआ था। राजतिलक के बाद सिटी पैलेस परिसर में स्थित प्रयागगिरि महाराज की धूणी और एकलिंगजी महादेव के दर्शन करने की परम्परा है। इस बीच, सम्पत्ति विवाद के चलते दिवंगत महेंद्रसिंह के भतीजे लक्ष्यराजसिंह ने उदयपुर सिटी पैलेस के दरवाजे बंद कर दिए। इस पर धूणी दर्शन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था।

जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण जिले में वर्ष 2025 के लिए दो स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जिला कलक्टर ने एक आदेश जारी कर 14 जनवरी को मकर संक्रांति और 21 मार्च को शीतला अष्टमी का अवकाश घोषित किया है।

प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में तापमान में उतार चढाव के बीच आज सर्दी के असर में कुछ बढोतरी हुई है। बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां सुबह और शाम

तेज सर्दी महसूस की जा रही है। वहीं भीलवाडा और हनुमानगढ़ में भी सर्दी का असर बढा है। अजमेर में देर रात और सुबह के वक्त कोहरा छाया रहा।